भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : †3101**
उत्तर देने की तारीख : 11.03.2026
**प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके)**

**†3101. श्री बलभद्र माझी:**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
**श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:**
**श्री राजकुमार चाहर:**
**श्री जुगल किशोर:**
**श्री नव चरण माझी:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के अंतर्गत पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्राप्त प्रगति का ब्यौरा क्या है, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और आजीविका क्षेत्रों से संबंधित परियोजनाओं का विशेषकर ओडिशा (नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित), महाराष्ट्र (जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित) और जम्मू और कश्मीर में ब्यौरा क्या है;

(ख) विशेषकर ओडिशा, महाराष्ट्र और जम्मू और कश्मीर राज्यों को जारी की गई निधि कितनी है, साथ ही अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुमोदित, पूर्ण और कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं तथा नबरंगपुर और जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों, विशेषकर ओडिशा (नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित), महाराष्ट्र (जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित) और जम्मू और कश्मीर में सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर पीएमजेवीके के प्रभाव संबंधी कोई आकलन किया है और यदि हां, तो ऐसे आकलन के प्रमुख निष्कर्षों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसरों तक अभिगम में सुधार संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पीएमजेवीके के कवरेज को बढ़ाने और राज्य योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए विशेषकर ओडिशा (नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित) में उठाए गए/उठाए जा रहे कदम क्या हैं?

<u>उत्तर</u>

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) और (ख): प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) देश भर के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में सामुदायिक अवसंरचना के निर्माण के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इस योजना के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला-केंद्रित कार्यकलापों, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, खेल, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, पशुपालन तथा अन्य सामुदायिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों से संबंधित परियोजनाओं को सहायता प्रदान की जाती है।

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के अंतर्गत पिछले दो वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान नबरंगपुर जिला (ओडिशा), जलगांव  जिला (महाराष्ट्र) तथा जम्मू एवं कश्मीर से कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

तथापि, PMJVK के अंतर्गत पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, इस योजना के अंतर्गत निधि का आवंटन नहीं किया जाता है। पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान जारी की गई निधि का विवरण **अनुबंध-II** पर है।

(ग) एवं (घ): ओडिशा, महाराष्ट्र तथा जम्मू-कश्मीर राज्यों में सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के प्रभाव का कोई राज्य-विशिष्ट आकलन नहीं किया गया है। हालाँकि, मंत्रालय ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के माध्यम से एक तृतीय-पक्ष मूल्यांकन अध्ययन तथा विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (DMEO), नीति आयोग द्वारा एक प्रभाव-सह-आकलन अध्ययन करवाया है। इन अध्ययनों में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में योजना के प्रभाव, कार्यकुशलता और स्थिरता का साक्ष्य-आधारित आकलन प्रस्तुत किया गया है। इन आकलनों के अंतर्गत अवसंरचना निर्माण, सेवा प्रदायगी तथा प्राप्त परिणामों की समीक्षा की गई तथा जागरूकता, निधि के प्रवाह, निगरानी तथा परिसंपत्तियों के रखरखाव से संबंधित कमियों को भी दर्शाया गया है।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के अंतर्गत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अधिकार प्राप्त समिति/संचालन समिति की बैठकों, समीक्षा बैठकों तथा चिंतन शिविर परामर्शों के माध्यम से उच्च-प्रभाव वाली और अन्य केंद्रीय और राज्य योजनाओं के साथ समन्वय आधारित परियोजनाएँ प्रस्तावित करने के लिए नियमित रूप से प्रोत्साहित किया जाता है। ऐसी परियोजनाओं में शिक्षा क्षेत्र में आवासीय छात्रावास, स्वास्थ्य क्षेत्र में बहु-विशेषज्ञता अस्पताल तथा विविध-खेल सुविधाएँ शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य ओडिशा में नबरंगपुर जैसे जिलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में योजना के दायरे का विस्तार करना, सेवा प्रदायगी में सुधार करना तथा अल्पसंख्यक समुदायों को बेहतर सामाजिक-आर्थिक लाभ सुनिश्चित करना है।

*****

**अनुबंध- I**

**"प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके)" विषय पर श्री बलभद्र माझी, श्रीमती स्मिता उदय वाघ, श्री माधवनेनी रघुनंदन राव, श्री राजकुमार चाहर, श्री जुगल किशोर एवं श्री नव चरण माझी द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 11.03.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3101 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के अंतर्गत पिछले दो वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान अनुमोदित परियोजनाओं की राज्य-वार स्थिति**

| राज्य का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत इकाइयों की संख्या | कुल अनुमोदित लागत (लाख रुपए में) | अनुमोदित केंद्रीय हिस्सा (लाख रु. में) | पूर्ण की गई इकाइयों की संख्या | निर्माणाधीन इकाइयों की संख्या | छोड़ी गई इकाइयों की संख्या | शुरू नहीं की गई इकाइयों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | स्कूल/आईटीआई/पॉलिटेक्निक के लिए छात्रावास | 2 | 3560.00 | 2136.00 | _ | 2 | _ | _ |
| | स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम/कंप्यूटर लैब/शिक्षण सहायता सामग्री | 1632 | 10117.44 | 6070.46 | _ | 1632 | _ | _ |
| ओडिशा | राज्य से कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ | – | – | – | – | – | – | – |
| जम्मू एवं कश्मीर | राज्य से कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ | – | – | – | – | – | – | – |

अनुबंध- II

**“प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके)” विषय पर श्री बलभद्र माझी, श्रीमती स्मिता उदय वाघ, श्री माधवनेनी रघुनंदन राव, श्री राजकुमार चाहर, श्री जुगल किशोर एवं श्री नव चरण माझी द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 11.03.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3101 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**PMJVK के अंतर्गत पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान जारी किए गए निधि का राज्य-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम | वर्ष 2023-24 (लाख रुपए में) | वर्ष 2024-25 (लाख रुपए में) | वर्ष 2025-26 (लाख रुपए में) | एसएनए स्पर्श के अनुसार जारी की गई मूल स्वीकृति 2025-26 (लाख रुपए में) दिनांक 05.03.2026 तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जम्मू एवं कश्मीर | _ | _ | _ | 500.00 |
| 2. | महाराष्ट्र | _ | 2000.00 | 6000.00 | 3500.00 |
| 3. | ओडिशा | _ | _ | _ | 1500.00 |

*****